न्यायालय सहायक कलक्टर (एस.डी.ओ.) गडरारोड़, जिला बाड़मेर,

पीठासीन अधिकारी सुरेश कुमार–1

अन्तर्गत धारा 88, 89 RT Act.

राजस्व वाद सं. 81/2024

वादी	वनाम	प्रतिवादीगण
प्रवीणा कंवर पत्नी जोगेन्द्रसिंह, जाति–राजपूत, नि0 सरदारपुरा, बाडमेर तह0 जिला बाडमेर		राजस्थान राज्य जरिये तह0 गडरारोड़, जिला बाडमेर

उपस्थित :– 1. श्री ईश्वरसिंह भाटी वकील वादीनी
2. राज पेरोकार तहसीलदार गडरारोड़

दिनांक :– 14/10/25

निर्णय

वाद के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार हैं कि वादी का खातेदारी खेत मौजा–केलनली, पटवार मण्डल–गिराब, तह0 गडरारोड़ के खेत खसरा नम्बर 746/595 रकबा 12.1406 हैक्टेयर का आया हुआ है। वदीनी द्वारा जरिये विक्रय विलेख क्रय की है और उस समय घर पर सामान्य बोलचाल की भाषा में बोले जाने वाले नामों को उस पंजीबद्ध दस्तावेज में दर्ज करवा दिया और उसे पंजीबद्ध दस्तावेज अनुसार जो नामान्तकरण खोले गये उसमें वादीनी का नाम बृजकंवर पत्नी जोगेन्द्रसिंह दर्ज हो गया। जबकि वादीनी के अन्य सभी दस्तावेजों में यथा आधारकार्ड, वोटर कार्ड, मार्कशीट, जन आधार कार्ड, बैंक पास बुक, राशन कार्ड, पेन कार्ड में वादीनी का नाम प्रवीणा कंवर पत्नी जोगेन्द्र सिंह दर्ज है। वदीनी अपने अन्य सरकारी दस्तावेजों के समरूप राजस्व रैकर्ड में अपना सही नाम प्रवीणा कंवर पत्नी जोगेन्द्र सिंह घोषित करवाने हेतु यह वाद प्रस्तुत किया है।

वाद पंजीयन किया गया। प्रतिवादी संख्या 1 तहसीलदार गडरारोड़ ने उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा–केलनली के खसरा नम्बर 746/595 रकबा 12.1406 हैक्टेयर में राजस्व रेकर्ड में बृज कंवर पत्नी जोगेन्द्रसिंह से प्रवीणा कंवर पत्नी जोगेन्द्र सिंह किए जाने से संबंधित दस्तावेजो का निरीक्षण मोतबरानों तथा अन्य मौजूज लोगों से पूछताछ के आधार पर काश्तकार बृज कंवर पत्नी जोगेन्द्रसिंह से प्रवीणा कंवर पत्नी जोगेन्द्र सिंह नाम दर्ज किया जाना उचित है।

वादीनी वकील की बहस में उल्लेखित तथ्यों से सहमति व्यक्त करते हुए वादग्रस्त भूमि के राजस्व रेकर्ड में वादीनी का नाम बृज कंवर पत्नी जोगेन्द्रसिंह से प्रवीणा कंवर पत्नी जोगेन्द्र सिंह घोषित किया जाना उचित [illegible] है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Suresh Kumar
Date: 2026.02.18 10:18:52 IST
Reason: SelfAttested

हमने वादीनी अधिवक्ता की ब[illegible] गडरारोड़ से प्राप्त मौका रिपोर्ट का गम्भीरतापूर्वक अवलोकन किया। वादीनी द्वारा प्र[illegible] अपने अन्य समस्त द[illegible]त में उसका नाम प्रवीणा कंवर पत्नी जोगेन्द्र सिंह दर्ज है। कि[illegible] वादग्रस्त भूमि के राज[illegible]र्ड में उसका नाम भूलवश बृज कंवर पत्नी जोगेन्द्रसिंह से प्रवीणा कंवर पत्नी जोगेन्द्र सिंह दर्ज होना पाया जाता हैं। तहसीलदार गडरारोड़ द्वारा प्रस्तुत जवाब भी वादीनी का वास्तविक नाम प्रवीणा कंवर पत्नी जोगेन्द्र सिंह होना, लिपिकीय त्रुटि से भूलवश उसका नाम बृज कंवर पत्नी

सहायक कलक्टर
गडरारोड़

जोगेन्द्रसिंह दर्ज होना साबित है। मौखिक साक्ष्य स्वरूप गवाह के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र मे वादीनी का वास्तविक नाम प्रवीणा कंवर पत्नी जोगेन्द्र सिंह होने की पुष्टि होती है। ऐसी सूरत में वादग्रस्त भूमि के राजस्व रेकर्ड में बतौर खातेदार दर्ज नाम च बृज कंवर पत्नी जोगेन्द्रसिंह से प्रवीणा कंवर पत्नी जोगेन्द्र सिंह दर्ज किये जाने में कोई आपत्ति प्रतीत नहीं होती है।

लिहाजा वादीनी का वाद स्वीकार किया जाकर ग्राम केलनली, पटवार मण्डल–गिराब, तह0 गडरारोड़ के खसरा नम्बर 746/603 रकबा 12.1406 हैक्टैयर भूमि के राजस्व रेकर्ड की शेष प्रविष्टियां यथावत रखते हुए वादीनी का नाम बृज कंवर पत्नी जोगेन्द्रसिंह के स्थान पर प्रवीणा कंवर पत्नी जोगेन्द्र सिंह होना घोषित किया जाता है। तहसीलदार गडरारोड़ को इसी अनुसार राजस्व रेकर्ड में अमलदरामद सुनिश्चित करने के आदेश दियें जाते है। तदनुसार डिक्री पर्चा जारी हो।

सहायक कलक्टर (एस.डी.ओ.)
गडरारोड़, जिला बाड़मेर
सहायक कलक्टर
गडरारोड़

निर्णय आज दिनांक 15/10/2021 को सरे इजलास सुनाया गया।
पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफतर हो।

सहायक कलक्टर (एस.डी.ओ.)
गडरारोड़, जिला बाड़मेर
सहायक कलक्टर
गडरारोड़

Signature Not Verified

Digitally signed by Suresh Kumar
Date: 2026.02.18 10:18:52 IST
Reason: SelfAttested